an>

Title: Need to take steps to check the growing number of deaths caused by accidents in Mumbai local trains.

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर)** : अध्यक्ष महोदया जी, कल यह इश्यू सदन में उठाया गया था, उसके बाद भी आपने मुझे इस इश्यू पर बोलने का मौका दिया है, इसलिए मैं आपका विशेष आभार प्रकट करता हूं, क्योंकि अरविन्द सावंत जी ने इस इश्यू को दो दिन पहले सदन में उठाया और डॉ. किरीट सोमैया जी ने कल हाउस में पिटिशन मूव किया, उसके बावजूद भी आपने मुझे इस इश्यू पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको विशेष धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष महोदया, यह बहुत गंभीर विषय है। सालाना 3500 लोग रेलवे में प्रवास करते समय, गिरकर या कटकर मर जाते हैं, उसके बावजूद भी रेल प्रशासन जागरूक होता दिखाई नहीं देता है। मैं आपके माध्यम से इस बात की विशेष मांग करूंगा कि तुरंत रेलवे मिनिस्टर या एम.ओ.एस. मुम्बई शहर में जाकर विजिट करें और तुरंत इसका उपाय करना चाहिए। हमारे जो पुलिस के लोग हैं, चाहे वे स्टेट गवर्नमेंट के हों या सेन्ट्रल गवर्नमेंट के हों, वे रेलवे क्रॉसिंग करने वाले लोगों को सिर्फ पकड़ कर, फाइन करते हैं और कोर्ट में ले जाते हैं, लेकिन लोग रेलवे क्रॉसिंग न करें, इसप्रकार की कोई व्यवस्था रेल प्रशासन करता दिखाई नहीं देता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से विशेष मांग करूंगा कि तुरंत रेल मिनिस्टर या एम.ओ.एस. मुम्बई शहर के सबअर्बन एरिया में विजिट कर, इसके लिए तुरंत कोई उपाय ढूंढें, ताकि आने वाले समय में इसप्रकार की मौतें मुम्बई शहर में न हों। धन्यवाद।